रंग बरसे खाटू नगरिया में रंग बरसे

रंग बरसे खाटू नगरिया में रंग बरसे
हो रंग बरसे खाटू नगरिया में रंग बरसे

आये है भगत बनाकर के टोली
लाये है रंगो की भर भरके झोली
कहाँ छुपोगे होली के डर से रंग बरसे

हरा गुलाबी नीला पीला
हो गया खाटू रंग रंगीला
आज खुशी से श्याम भगत हरसे रंग बरसे

खाटू में हम धूम मचाये
काले को आज लाल बनाये
सोच के निकले श्याम यही घर से रंग बरसे

आज चलेगा ना कोई बहाना
भीम सैन हुआ तेरा दीवाना
दर्श दिखाओ श्याम नयन तरसे रंग बरसे

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/18110/title/khatu-barse-khatu-nagariyan-me-rang-barse

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |